जिलाध्यक्ष बने होशियार खीचड़

झुंझुनूं,। मंगलवार को किसान कॉलोनी स्थित रवींद्र पब्लिक स्कूल में जाट कर्मचारी वेलफेयर सोसायटी की बैठक हुई। जिसमें सोसायटी की जिला कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से निर्वाचन हुआ। प्रदेश अध्यक्ष प्यारेलाल चौधरी ने पहले संगठन के कार्यों और उद्देश्यों के बारे में बताया। साथ ही कहा कि हर उपखंड स्तर तक संगठन की कार्यकारिणी बनाई जाएगी।

जिसमें जाट समाज के वर्तमान में कार्यरत व सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी सदस्य होंगे। जो अधिकारियों और कर्मचारियों की आवाज को उठाने का काम करेंगे। इस मौके पर सर्वसम्मति से हुए चुनावों में जिला पटवार संघ के अध्यक्ष होशियार सिंह खीचड़ को सोसायटी के जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। जिसका सभी ने स्वागत किया। इसके अलावा रिटायर्ड प्रिंसिपल पितरामसिंह गोदारा को संरक्षक, शिक्षक नेता रणवीर सिंह गोदारा को सभा अध्यक्ष तथा एईएन पंचायत समिति अमित चौधरी को सचिव चुना गया।

झुंझुनूं बंद के दौरान धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप

- **मुस्लिम संगठनों के प्रतिनिधि मिले कलेक्टर व एसपी से, मिला कार्रवाई का आश्वासन**

झुंझुनूं,। जिला मुख्यालय पर 26 अप्रेल को पहलगाम मामले हुए बंद के दौरान दो युवकों द्वारा धार्मिक भावनाओं को आहत करने और भड़काने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को मुस्लिम संगठनों के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर रामावतार मीणा और एसपी शरद चौधरी से मुलाकात की। मदरसा बोर्ड चेयरमैन एमडी चोपदार व शहर काजी शफीउल्लाह सिद्दीकी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने पहले दोनों अधिकारियों से अलग-अलग मुलाकात कर अपनी बात रखी। इसके बाद एसपी कार्यालय में वार्ता हुई। जिसमें दूसरे पक्ष से भी एक प्रतिनिधिमंडल ने हिस्सा लिया। दोनों पक्षों में हुई बातचीत के बाद सहमति बनी कि दोनों ही युवकों से माफी मंगवाई जाएगी। या फिर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आपको बता दें कि गौ संवर्धन संस्थान के अध्यक्ष प्रवीण स्वामी तथा विश्व हिंदू परिषद के प्रांत परियोजना प्रमुख योगेंद्र कुंडलवाल ने कुरान, पैगम्बर, मदरसों को लेकर अमर्यादित टिप्पणी करने के अलावा मुस्लिम धर्म से जुड़े कार्य को लेकर अश्लील टिप्पणी भी की। जिसके बाद मुस्लिम समाज में आक्रोश है। चोपदार ने बताया कि कश्मीर की घटना से पूरा देश स्तब्ध है। पहलगाम में जिस वक्त आतंकी सैलानियों को मौत के घाट उतार रहे थे। उस वक्त आतंकवादियों से लड़ने वाला भी एक मुसलमान था। जो जान की परवाह किए बगैर आतंकवादियों से भिड़ गया।

पूरे देश का मुसलमान कश्मीर में हुई आतंकी घटना में हिंदुस्तान के साथ खड़ा है। लेकिन सिर्फ कौम के आधार पर धार्मिक भावनाओं को आहत करना कतई सही नहीं है। जबकि झुंझुनूं बंद में मुस्लिम समाज की सभी बिरादरी के लोग शामिल थे। सभी ने अपने प्रतिष्ठान भी बंद किए थे। लेकिन कुछ लोग अपनी वाहवाही लूटने के चक्कर में झुंझुनूं के सौहार्द को बिगाड़ना चाहते है। जो कतई नहीं होने दिया जाएगा। इस मौके पर मुस्लिम न्याय मंच के अध्यक्ष इमरान बड़गुजर, पार्षद संजय पारीक, ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष खादिम खोखर, इतिहादुल मुस्लिमीन सोसायटी के अध्यक्ष जुबेर खोखर, जमीतुल कुरैश के अध्यक्ष उमर कुरैशी, मुस्लिम वेलफेयर फ्रंट के अध्यक्ष इब्राहिम पठान, हज कमेटी के अध्यक्ष मतलूब चायल, फुटला बाजार संघ के इकबाल जाजोदिया, लतीफ खानजादा, ओसामा सैय्यद, पार्षद जब्बार फुल्का, पार्षद मकबूल, तौफिक पठान, एजाज खान, इश्तियाक कुरैशी, नईम सिद्दीकी, इम्तियाज तगाला, हाकम खान, शफी नागौरी, शाहिद सिंघानिया, यूनुस रंगरेज, रफीक राईन, शौकत, इस्माइल लालू, यूनुस मुफ्ती, इमरान कासमी, नासिर अकबर, मजीद, जाकिर, हाकम, फारूक, इस्लाम, असलम, इकबाल, इदरीश, रिजवान, दानिश, आकिब, शोएब, शरीफ व आरिफ आदि मौजूद थे।

महाआरती में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

चूरू। तारानगर रोड स्थित करंट बालाजी मंदिर में परशुराम मंदिर में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के संरक्षक फतेहचंद सोती ने सपत्नीक रुद्राभिषेक किया। इस दौरान विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष शंभु दयाल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष विष्वनाथ शर्मा सहित विप्र बंधुओ ने भगवान परशुराम की पुजा अर्चना की। इस अवसर पर हनुमान चालीसा पाठ का सामूहिक वाचन किया गया। कार्यक्रम में विप्र फाउंडेशन के रामवतार शर्मा, श्रीराम पिपलवा, सुरेंद्र बावलिया, योगेश गौड़, जगदीश चोटिया व जय प्रकाश सेवदा ने सहयोगी भूमिका निभाई। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण, भाजपा नेता ओम सारस्वत, वासुदेव चावला, पदम सिंह राठौड़, मोहन गढ़वाल, गोविन्द महनसरिया, दीनदयाल सैनी, पूर्व सभापति विजय शर्मा, धर्मेंद्र राकसिया, देवकी नंदन दर्जी, कमलेश राव, संपत दहिया, सूरजमल गुर्जर, पवन शर्मा, देवकरण कस्वां, आत्रेय सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरूषों ने महा आरती में भाग लिया।

भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर दुनिया में आतंकवाद उन्मूलन का संदेश

- **ब्राह्मण समाज ने यज्ञ, अभिषेक पूजन कर सादगी से मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव**

झुंझुनूं,। अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान शिव का रुद्राभिषेक, सामूहिक परशुराम चालीसा पाठ, यज्ञ, पूजन एवं आरती कर सादगी के साथ भगवान परशुराम के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर जन्मोत्सव मनाया। पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष हिंदू पर्यटकों की हत्या किए जाने के विरोध स्वरूप विप्र समाज द्वारा परशुराम जन्मोत्सव को सादगी और आतंकवाद उल्मूलन दिवस के रूप में मनाया गया। वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा भगवान परशुराम शांति के परिप्रेक्ष्य में कठोर कदम उठाने के लिए जाने जाते हैं तथा वे अस्त्र और शास्त्र के ज्ञाता थे।

अन्याय और शोषण का नाश कर शांति सौहार्द बंधुत्व स्थापित करने का कार्य करते थे। चूणा चौक स्थित पुरोहितों की बगीची में आचार्य पंडित प्रदीप शर्मा के आचार्यत्व में भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया। जिसके बाद सामूहिक रूप से भगवान परशुराम का पूजन, चालीसा का पाठ, हवन यज्ञ, पुष्पांजलि कार्यक्रम कर महाआरती की गई। इस अवसर पर गौड़ समाज के जिलाध्यक्ष पवन देरवाला, गौड़ ब्राह्मण महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, महामंत्री शिवचरण पुरोहित, विप्र फाउंडेशन के संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया, पवन पुजारी, सुरेंद्र शर्मा, भाजपा नेता पुरुषोत्तम खाजपुरिया, रामेश्वर गुसाई, ललित जोशी, एडवोकेट नीरज शर्मा, वशिष्ठ शर्मा, पवन पांडे, एडवोकेट अनुपम शर्मा, रामावतार शर्मा, सुरेंद्र भीमसरिया, योगेश चौमाल, गोपी पुरोहित, संजय शुक्ला, एडवोकेट सुशील जोशी, राकेश सहल, संजय पारीक सहित बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित रहे।

निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित

बीदासर । कस्बे के छापोला भवन दरीबा में स्व. मुलाराम सुपुत्र बालुराम छपोला व स्व. पुसी देवी धर्मपत्नी स्व. मुलाराम की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्रों द्वारा निशुल्क मोतियाबिंद एवं नेत्र लैंस प्रत्यारोपण जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के शिविर प्रभारी शेखर जायसवाल , नगरपालिका अध्यक्ष सीताराम भोभरिया, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष नंदलाल छापोला, मदनलाल बोरावड़ द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया। शिविर में करीब दो दर्जन से अधिक गांवों के 180 रोगियों का निशुल्क जांच की गई व 26 रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया। शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर और उनकी टीम द्वारा रोगियों की जांच कर परीक्षण किया। वैध गोपालराम छापोला ने बताया कि योग्य मरीजों का ऑपरेशन जयपुर के शंकरा आई हॉस्पिटल जिला अंधता निवारण समिति जयपुर ले जाकर निशुल्क मोतियाबिंद व नेत्र लैंस प्रत्यारोपण का ऑपरेशन किया जाएगा। समिति द्वारा काला चश्मा दिया जाएगा।

आयुर्वेद औषधालय का उद्घाटन किया

उदयपुरवाटी ।निसं। निकटवर्ती ठाम इंद्रपुरा में मंगलवार को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने किशन कंवर डिप्टी जैतसिंह मेमोरियल नव निर्मित आयुर्वैदिक औषधालय का उद्घाटन किया। भंवर कंवर सुगन सिंह शिक्षण महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी मुख्य अतिथि थी। पंचायत समिति उदयपुरवाटी प्रधान माया गुर्जर ने अध्यक्षता व पूर्व वाइस चांसलर डॉ, लोकेश सिंह शेखावत, झुन्झनू बीजेपी विधायक राजेंद्र भांबू, उदयपुरवाटी नगर पालिका चेयरमैन एडवोकेट रामनिवास सैनी, पूर्व विधायक परबतसर मानसिंह किनसरिया, आरपीएससी सदस्य शिवपाल सिंह नांगल, राघवेंद्र सिंह डूंडलोद, अंगद सिंह मंडावा, भाजपा जिला अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी, डिप्टी डायरेक्टर आयुर्वेद डॉ, जितेंद्र स्वामी, उप प्रधान पंचायत समिति उदयपुरवाटी लोकेश कंवर मंच पर विशिष्ट अतिथि थे। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि शेखावाटी में मुख्यमंत्री यमुना का जल लाने के लिए प्रयास कर रहे हैं खाटू श्याम जी में परियोजना आ रही है। श्रीमाधोपुर से उदयपुरवाटी तक फोरलेन का प्रस्ताव व खाटू श्याम जी सालासर बालाजी धार्मिक स्थान पर विकास कार्य होने की बात की और इंद्रपुरा पंचायत को यथावत रखने का प्रयास करूंगी और 2 किलोमीटर सड़क को बनवाने का आश्वासन दिया। इंद्रपुरा द्वारा किए गए विकास कार्यों को लेकर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाली पीढ़ियां इनके विकास कार्यों को याद रखेगी। उपमुख्यमंत्री ने आयुर्वेद औषधालय परिसर में स्थित शिवालय में पुजा अर्चना की और महिलाओं के साथ बातचीत कर उनकी समस्या सुनी। आयुर्वेद औषधालय विजेंद्र सिंह इंद्रपुरा ने बनवाया है।आयोजित कार्यक्रम धमाणा शेखा सेवा संस्थान के मैनेजिंग ट्रस्टी व भाजपा नेता विजेंद्र सिंह इंद्रपुरा ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। विजेंद्र सिंह इंद्रपुरा ने इंद्रपुरा पंचायत को उदयपुरवाटी नगर पालिका की बजाय इंद्रपुरा पंचायत ही यथावत रखा जाए एवं दो किलोमीटर इंद्रपुरा में सड़क बनवाने की मांग की। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी का माला और साफा पहनाकर व चुनरी औढाकर स्वागत किया गया। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का उदयपुरवाटी नगर पालिका पार्षदो ने फूलों का हार पहनाकर स्वागत किया। ठामीणों द्वारा कई ज्ञापन दिए गए। इंद्रपुरा रिजॉर्ट में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का स्वागत किया गया।कार्यक्रम में विजेंद्र सिंह इंद्रपुरा, वाइस चांसलर डॉ, लोकेश सिंह शेखावत, पूर्व आरपीएससी सदस्य शिवपाल सिंह नांगल, भाजपा जिला अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी, विक्रम सिंह संबोधित किया। मंच संचालन कन्हैया लाल ने किया।

पंखे व कूलर भेंट किए

झुंझुनूं,। राजकीय बीडीके अस्पताल झुंझुनूं में भीषण गर्मी के मध्य नजर रखते हुए स्वेच्छा से बीडीके अस्पताल को 100 पंखे एवं 25 पंखे भेंट किए। जो अस्पताल के विभिन्न वार्डों में लगाए गए। वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ एवं पीएमओ डॉ. जितेंद्र भाम्बू ने बताया कि आगामी दिनों में भीषण गर्मी के प्रकोप के मद्देनजर भामाशाह कपिल गाडिया 100 पंखे एवं 25 कूलर भेंट करने से आमजन को राहत मिल सकेगी। अस्पताल में रोगी भार बढ़ने एवं निरंतर भर्ती रहने से पंखे एवं कूलर 24 घंटे निरंतर चलते रहते हैं। जिनका खराब होना एक सामान्य प्रक्रिया है। जिन्हें ठीक करने उन्हें लगाने की प्रक्रिया अनवरत जारी रहती है। लेकिन अब 100 पंखों के भेंट से एक बड़ा स्टॉक बनाया गया है। जिसके बाद अब पंखे के खराब होने की सूचना पर तुरंत खराब पंखे के स्थान पर नया पंखा लगाया जा सके एवं खराब पंखे को ठीक करने के लिए भेजा जा सकेगा। जिससे आमजन को एक मिनट भी गर्मी का सामना नहीं करना पड़ेगा। भामाशाहों की पहल अस्पताल के लिए सराहनीय है। भामाशाह पुनित कृष्ण गाडिया चैरिटेबल ट्रस्ट का अस्पताल पीएमओ के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं गोपीचंद गाडिया, कपिल गाडिया, पूनम गाडिया का सम्मान किया गया। गौरतलब है।

स्काउट गाइड्स ने कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

- **देश विरोधी ताकतों को सबक सिखाना जरूरी - भांबू**

झुंझुनूं,। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के निर्देश की अनुपालना में स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं के तत्वावधान में झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू के मुख्य आतिथ्य में स्काउट्स गाइड्स ने पहलगाम नरसंहार का विरोध शांति मार्च निकाल कर किया। सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि इस दौरान स्काउट कार्यालय से स्काउट्स गाइड्स शांति मार्च के रूप में रवाना होकर शहीद स्मारक पहुंचा।

जहां पर मोमबत्ती जलाकर, पुष्प अर्पित कर, मौन रखकर पहलगाम हमले में शहीद हुए पर्यटकों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर विधायक राजेंद्र भांबू ने युवाओं, स्काउट्स गाइड्स को संबोधित करते हुए कहा कि देश विरोधी ताकतों को सबक सिखाने का यह सही समय है। पाकिस्तान द्वारा की जा रही नापाक हरकतों का मुंह तोड़ जवाब देने के लिए हमारे सैनिक, हमारे राष्ट्र का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तैयार है। विधायक भांबू ने कहा कि स्काउट गाइड मिनी आर्मी की तरह राजस्थान प्रदेश में कार्य कर रहा है तथा राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड की गतिविधियां झुंझुनूं जिले में रचनात्मक कार्यों के माध्यम से बालक बालिकाओं युवक युवतियों का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है। इस अवसर पर सीओ स्काउट महेश कालावत ने कहा कि 22 अप्रेल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में शहीद हुए सभी पर्यटकों को विश्व भारती शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान सिंघाना के प्रशिक्षु शिक्षकों, स्काउट गाइड्स ने प्रभारी अधिकारी मोहनलाल सैनी के नेतृत्व में श्रद्धांजलि अर्पित की।

'गुरु बिना मनुष्य जीवन शून्य सदृश है'

बीदासर । कस्बे के टांटिया अस्पताल के पीछे वार्ड नो स्थित घिंटालिया बास में सांखला परिवार के सौजन्य से चल रही भागवत कथा में नोखा की कथा वाचक सुश्री मोनिका पारीक ने कहा कि भागवत कथा सर्व कल्याणकारी, सर्व पाप नाशिनी और सभी के कष्टों का निवारण करने वाली, मनुष्य को सदगति देने वाली कथा है।

यह मनुष्य के जन्म जन्मान्तर के पापों का नाश करती है। उन्होंने जीवन में गुरु की महिमा बताते हुए कहा कि गुरु मानव को अज्ञानता से दूर कर ज्ञान के प्रकाश से पूरित करता है, उसके जीवन के लक्ष्य की सिद्धि का माध्यम होता है।

गुरु बिना मनुष्य जीवन शून्य सदृश है। गुरु ही मनुष्य के जीवन को मोक्ष की ओर ले जाता है, उसे ईश्वर से मिलाने का माध्यम है गुरु। उन्होंने कहा कि सत्संग में आने से और सुनने से मानव को जहां तनाव में कमी होती वही उसके कर्मों में भी सुधार हो जाता है।

ज्ञापन देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की

- **पूर्व सैनिक वेलफेयर समिति ने उपखंड अधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन सौंपा।**

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी । पूर्व सैनिक वेलफेयर समिति सोमवार को उपखंड अधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन सौंपा। समिति अध्यक्ष सूबेदार रणजीत सिंह गढ़वाल के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन से पूर्व पहलगाम में आंतकी हमले में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया।

कैप्टन शिवराम सिंह ख्यालिया ने बताया कि ज्ञापन में प्रधानमंत्री से आतंकियों एवं उनके संरक्षकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाने की मांग रखी। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों ने आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर आक्रोश व्यक्त किया और मातृभूमि की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प दोहराया।पूर्व सैनिकों ने विश्वास जताया कि भारत सरकार शीघ्र प्रभावी कदम उठाएगी ।

इस अवसर पर सूबेदार मेजर घीसाराम ख्यालिया, सूबेदार दान सिंह, कैप्टन भागीरथ सिंह, सूबेदार जोगेंद्र सिंह, सूबेदार गोपाल सिंह ख्यालिया, हवलदार सार्दुल खान, हवलदार सुरेंद्र ढाका, सूबेदार महिपाल सिंह, सूबेदार इकबाल खान, लेफ्टिनेंट कारण सिंह, लेफ्टिनेंट शमशेर अली, सार्जेंट महावीर मातव, सार्जेंट रणबीर गढ़वाल, कैप्टन गिरधारी धाभाई, एलटी प्रमोद शर्मा, सूबेदार समदर सिंह, कैप्टन कानसिंह,हवलदार गुलाब खान, हवलदार असगर अली, हवलदार मांगीलाल, कैप्टन प्यारेलाल,कैप्टन नेमीचंद, हवलदार हणमानसिंह, सूबेदार हनीफ खान सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक शामिल रहे।

खेतडी में सादगी पूर्वक मनाई भगवान परशुराम की जयंती

- **समाज में एकता लाने का दिया संदेश**

खेतड़ी , (निसं) खेतड़ी कस्बे के ब्राह्मण समाज भवन में मंगलवार कोभगवान परशुरामका जयंती उत्सव सादगी पूर्वक मनाया गया। विप्र बंधुओं ने मंगल आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बादभगवान परशुरामकी प्रतिमा पर पूजा कर मंत्रोच्चारण किया गया। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद समाज की ओर से इस बार परशुराम जयंती उत्सव सादगी पूर्वक मनाने का निर्णय लिया था। जिसके चलते इस बार शोभायात्रा व अन्य कार्यक्रमों का आयोजन नहीं किया गया। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज अध्यक्ष प्रदीप सुरोलिया ने कहा किभगवान परशुरामने विष्णु को अवतार लेकर सृष्टि को बचाने का काम किया था। आज उनके आदर्शों को अपना कर ब्राह्मण समाज आगे बढ़ रहा है। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए।

परिंडे लगाकर पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की

पाटन ,भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर बाल भारती पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक प्रेरणादायक पहल करते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अहम कदम उठाया। बच्चों ने स्कूल परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों में परिंदे (पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने वाले पात्र) लगाए, जिससे गर्मी के मौसम में पक्षियों को राहत मिल सके।इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में सेवा भावना, पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता का विकास करना था। कार्यक्रम में बाल भारती पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष कैलाश सैनी के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस अवसर पर बच्चों का उत्साहवर्धन करने हेतु कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें एडवोकेट सतनारायण यादव, बन्टेश सैनी, बहादुर जाट, अशोक बढ़ाना, पूर्व पंचायत समिति सदस्य पूरणमल, महेश सांवरिया और प्रेम सैनी प्रमुख रूप से शामिल थे। स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती मधु सूईवाल एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति में यह आयोजन संपन्न हुआ।

दयपुरवाटी से श्रीमाधोपुर की रोड को फोर लेन बनाने का विचार : दिया कुमारी

- **'खाटूश्यामजी के विकास के लिए केंद्र सरकार ने 80 करोड़ रूपए का बजट दिया'**

झुंझुनूं,। डिप्टी सीएम दिया कुमारी मंगलवार को झुंझुनूं के दौरे पर रही। उन्होंने उदयपुरवाटी के समीप इंद्रपुरा गांव में एक आयुर्वेद औषधालय का लोकार्पण किया। इस दौरान दिया कुमारी ने एक बड़ी बात कही और कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार एक विकसित सोच के साथ काम कर रही है। हम चाहते है कि हमारी आने वाली पीढिया आगे भाजपा की सरकार को धन्यवाद करते हुए कहे जो सड़क बनीं वो आज भी सही सलामत है।

नलों में पानी आ रहा है। अस्पताल में सभी सुविधाएं है। कॉलेज-स्कूलों में टीचर है। यही सोच के साथ भाजपा की सरकार काम कर रही है। उन्होंने इस मौके पर कहा कि शेखावाटी को बजट में सरकार ने जो सौगातें दी है। उससे तो यही लगता है कि अब तो उनका हर 10-15 दिन में शेखावाटी में आना-जाना लगा रहेगा। उन्होंने इस मौके पर बताया कि सरकार उदयपुरवाटी से श्रीमाधोपुर की रोड को फोर लेन बनाने का विचार कर रही है। साथ ही खाटूश्यामजी के विकास के लिए केंद्र सरकार ने 80 करोड़ रूपए का बजट दिया है। जिसके बाद राज्य सरकार खाटूश्यामजी, सालासर, शाकंभरी, जीण माता आदि धार्मिक स्थलों का एक साथ विकास करने का मानस रखती है। उन्होंने कहा कि यमुना के पानी को लेकर भी मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार लगातार प्रयासरत है। शेखावाटी को भाजपा सरकार यमुना का पानी दिलाकर रहेगी। उन्होंने इस मौके पर आयुष मंत्रालय स्थापित करने पर पीएम नरेंद्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने पहले ही कार्यकाल में आयुष मंत्रालय की स्थापना की। जिसकी महत्ता हमें कोविड में नजर आई। कोविड में हमारी आयुर्वेदिक दवाइया, योग, नुस्खों ने कई जिंदगियां बचाई। इस मौके पर उन्होंने शेखावाटी की हवेलियों को संरक्षित करने की बात कही। साथ ही ठामीणों की मांग पर एक दो किलोमीटर की सड़क जल्द बनवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू, शिक्षाविद् डॉ. लोकेश शेखावत, भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी समेत अन्य भाजपा नेता मौजूद थे।

झुंझुनूंमें वसुंधरा राजे सरकार के समय शुरू हुए शौर्य उद्यान के हालातों को देखकर सूबे की डिप्टी सीएम दिया कुमारी भावुक हो गई। सैनिक स्कूल दोरासर के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद दिया कुमारी दोरासर में ही बने शौर्य उद्यान का विधायक राजेंद्र भांबू सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इसके बाद डिप्टी सीएम दिया कुमारी शौर्य उद्यान को देखकर भावुक हो गई। उन्होंने कहा कि हमारे वीर सैनिक, शहीद, जिन्होंने ना केवल झुंझुनूं, बल्कि राजस्थान और भारत का मान पूरे विश्व में फैलाया है। उनके लिए हम एक संठाहालय नहीं बना सके तो कोई फायदा नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने सैनिकों को श्रद्धांजलि देने और उनके जीवन से आने वाली पीढियां प्रेरणा लें। इसके लिए शौर्य उद्यान बनाने का फैसला लिया था। काफी काम हो भी चुका है। लेकिन पिछली सरकार ने पांच साल तक इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। जिससे ना तो काम पूरा हो पाया और जो काम हुआ। वह भी जर्जर हो चुका है। इसलिए आज ही मैंने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि इसका काम आधुनिक तरीके से करवाया जाए। नए सिरे से काम करना पड़ा तो वो भी करेंगे। पैसे की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। वे स्वयं इसके निर्माण में ध्यान देगी। ताकि एक अच्छा और ऐतिहासिक शौर्य उद्यान बने।

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.05.2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

हनुमानगढ़, बाबा शाम सिंह कॉलोनी, 117270700058806,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

सार-समाचार

धांधेला में हुआ मैत्री क्रिकेट मैच

नीमकाथाना । पाटन के निकटवर्ती गांव धांधेला में काचरेड़ा और धांधेला के पूर्व खिलाड़ियों के बीच एक मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। यह मैच अंतरराष्ट्रीय तर्ज पर टॉस और राष्ट्रगान के साथ शुरू हुआ, जिसमें दोनों गांवों की टीमों ने एक-एक मैच जीतकर मुकाबले को बराबरी पर समाप्त किया।इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य दोनों गांवों के पुराने खिलाड़ियों को एक बार फिर खेल के माध्यम से जोड़ना और पुरानी स्मृतियों को ताज़ा करना था। आयोजक एडवोकेट भवानी टेलर (काचरेड़ा) ने बताया कि वर्ष 1990 से काचरेड़ा और धांधेला की टीमें आसपास की क्रिकेट प्रतियोगिताओं में चिर-प्रतिद्वंद्वी रही हैं। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस आयोजन की पहल की गई। पहले मैच में धांधेला की टीम ने श्री राम सैनी के नेतृत्व में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 125 रन बनाए। जवाब में काचरेड़ा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यह मैच 4 विकेट से जीत लिया। दूसरे मैच में धांधेला ने जीत दर्ज की, जिससे मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ।इस अवसर पर श्री राम सैनी ने आयोजन के लिए एडवोकेट भवानी टेलर का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से आपसी स्नेह और सौहार्द को बल मिलता है। एडवोकेट गिर्राज सिंह (अध्यक्ष), महावीर शर्मा, नवाब खान और डॉ. प्रेम कुमार ने भी अपने विचार साझा किए।मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कल्याण सिंह को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया। इस आयोजन में घनश्याम सैनी, राजू मिस्त्री, राधेश्याम सैनी, पूरणमल सैनी, मदनलाल, शंकर शर्मा, मुकेश शर्मा, सचिन, योगेंद्र, दिनेश, सुरेश, मुकेश, कंवर सिंह, नवाब खान सहित कई अन्य पूर्व खिलाड़ी शामिल हुए।

देश-प्रदेश की खुशहाली की कामना की

सीकर । कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत सीकर आए इस दौरान उन्होंने सीकर जिले के दांता रामगढ़ क्षेत्र के खाटूश्यामजी में पहुंचकर पूजा अर्चना की कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने बाबा श्याम के दर्शन किए और देश-प्रदेश की खुशहाली की कामना की । उन्होंने बाबा श्याम के दरबार में विधिवत पूजा-अर्चना कर बाबा की चौखट पर शीश झुकाकर देश की सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। राज्यपाल के स्वागत में श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पृथ्वी सिंह ने उन्हें श्याम दुपट्टा एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। श्री श्याम मंदिर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने मंदिर में पूजा-अर्चना करवाई।राज्यपाल के आगमन पर प्रशासनिक अधिकारियों ने भी अगवानी की और सुरक्षा सहित सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।राज्यपाल गहलोत बाबा श्याम के दर्शन करने के बाद सालासर बालाजी धाम के लिए प्रस्थान कर गए।

अभियान को लेकर बैठक आयोजित

चूरू । जिला मुख्यालय पर भाई जी चौक स्थित राणा जी के नोहरे में इंसानियत एकता सेवा समिति की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति उपाध्यक्ष महमूद अली राणा ने की। बैठक में समिति के छठे स्थापना दिवस के उपलक्ष में आगामी 2 मई को चूरू शहर में एक दिवसीय नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर समिति संस्थापक करामत खान ने बताया कि अभियान के तहत शहर में जगह-जगह नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया जाएगा। मीडिया प्रभारी मोहम्मद अली पठान ने बताया कि वर्तमान समय में दिन-प्रति दिन युवाओं में नशे की लत बढ़ती जा रही है, यह बहुत ही चिंता का विषय है। बैठक में समिति संस्थापक करामत खान, उपाध्यक्ष महमूद अली राणा, जाकिर खान, नौशाद खान, अयूब खान चायल, आवेश कुरैशी, सुलेमान मनिहार, महबूब खान, मोहम्मद अली राणा आदि मौजूद थे।

वार्षिक महोत्सव कल से

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी